इंदिरा गांधी नगर में किए गए वृहद् स्तर के विकास कार्यों के लिए दिया गया अवार्ड

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा को मिला नेशनल हाउसिंग अवार्ड

वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन में दर्ज हुई थी उपलब्धि

जयपुर (समाचार जगत न्यूज)। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा को बुधवार को आयोजित वर्चुअल तृतीय वार्षिक नेशलन हाउसिंग समिट एंड अवार्ड्स कार्यक्रम में हाउसिंग बोर्ड्स श्रेणी में नेशनल हाउसिंग अवार्ड से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि इलेट्स टेक्नोमीडिया की ओर से आयोजित इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में हर वर्ष देश भर में चुने हुए उत्कृष्ट कार्यों को अवार्ड देकर सम्मानित किया जाता है। कार्यक्रम में देश-विदेश से जुड़े हजारों इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स, सरकार कर्मचारी/अधिकारी और हाउसिंग सेक्टर से जुड़े प्रोफेशनल्स ने वर्चुअल तरीके से भाग लिया।

उल्लेखनीय है कि अरोड़ा को यह पुरस्कार इंदिरा गाधी नगर में कराए गए विकास कार्यों के लिए दिया गया। गौरतलब है कि हाल ही में आवासन मंडल द्वारा इंदिरा गांधी नगर, जयपुर में वृहद् स्तर पर विकास कार्य किए

गए हैं। इनमें यहां के निवासियों को 4 एमएलडी पेयजल अतिरिक्त उपलब्ध कराया गया है, पांच किलोमीटर सड़क को आदर्श सड़क के रुप में विकसित किया जा रहा है और इसके साथ ही यहां कई अन्य विकास कार्य करवाए गए हैं।

रोचक बात यह है कि आवासन मंडल आयुक्त के रुप में पवन अरोड़ा को महज 9 महीने हुए हैं, जिनमें 5 महीने कोरोना लॉकडाउन के बावजूद कम समय में आवासन मंडल द्वारा बड़ी संख्या में अधिशेष सम्पत्तियों का निस्तारण हुआ, रिकॉर्ड राजस्व अर्जित किया गया है। मंडल की ओर शेष पृष्ठ 7 पर